प्रेस नोट

पश्चिम बंगाल पुलिस, गौतम बुद्ध नगर पुलिस एवं यूपी एटीएस की संयुक्त कार्यवाही में जमात-उल-मुजाहिद्दीन बांग्लादेश (जे.एम.बी.) के दो बांग्लादेशी सक्रिय सदस्य गिरफ्तार

दिनाँक : 24 जुलाई,2018

आज दिनांक-24.7.2018 को पश्चिम बंगाल पुलिस, गौतम बुद्ध नगर पुलिस एवं एटीएस उ0प्र0 की संयुक्त कार्यवाही में जमात-उल-मुजाहिद्दीन बांग्लादेश (जे.एम.बी.) के दो सक्रिय सदस्य जनपद-गौतमबुद्ध नगर के थानाक्षेत्र-सूरजपुर से गिरफ्तार किये गए।

विवरण :-

- दोनों गिरफ्तार अभियुक्त के बारे में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा कुछ समय पूर्व सूचना दी गयी थी कि गाज़ियाबाद, गौतमबुद्ध नगर क्षेत्र में दो बांग्लादेशी आतंकवादी जो जमात-उल मुजाहिद्दीन बांग्लादेश के सदस्य हैं, छिपे हुए हैं । इस सूचना को विकसित किया गया और आज गिरफ़्तारी की गयी।
- अभी तक की पूछताछ में स्पष्ट हुआ है कि ये दोनों अभियुक्त 1. रूबेल अहमद 2. मुशर्रफ हुसैन जे.एम.बी. के सदस्य हैं और मार्च 2018 में बांग्लादेश पुलिस के दबाव में भाग निकले थे।
- इस अवधि में ये लोग गाज़ियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में रहकर काम करते रहे।

अभियुक्तों का विवरण	
रूबेल अहमद उर्फ मनीर उल इस्लाम पुत्र मुस्लिमुददीन अहमद उर्फ अलाउददीन नि0-गॉव-टेंग्रिया डाकखाना-काठलडांगी थानाहरिपुर - जनपद ठाकुरगॉव विभाग रंगपुर, बांग्लादेश।	मुशर्रफ हुसैन उर्फ मूसा उर्फ तेजेरूल इस्लाम उर्फ रेजुल करीम, निवासी- गॉवटेंग्रिया - काठलडांगी-डाकखाना थाना-हरिपुर जनपद ठाकुरगॉव विभागरंगपुर, बांग्लादेश।

अग्रिम कार्यवाही :-

- पश्चिम बंगाल पुलिस दोनों अभियुक्तों कों ट्रांजिट रिमांड प्राप्त करने हेतु माननीय न्यायलय में प्रस्तुत करेगी।
- गहन पूछताछ के लिए यूपी एटीएस की टीम पश्चिम बंगाल जाएगी।
- पूछताछ में याह जानकारी करने का प्रयास किया जाएगा कि इनके क्या उद्द्येश्य थे तथा इनके यहाँ सहयोगी कौन-कौन थे ?

गिरफ्तार करने वाली टीम -:

कोलकाता एसटीएफ के सार्जेंट प्रीओम बनिक, का0 गणेश उपाध्याय, का0 रूएल इस्लाम, थाना-एमहर्स्ट स्ट्रीट, कोलकाता के उ0नि0 श्री सुरजीत रे, गौतमबुद्ध नगर पुलिस के उ.नि. हरिराज, आरक्षी नीरज कुमार, आरक्षी कृष्ण कुमार एवं यूपी एटीएस के निरीक्षक श्री विश्वजीत सिंह, उ0नि0 श्री विनोद कुमार, उ0नि0 श्री विनोद शुक्ला, मु0आरक्षी सतेन्द्र पाल सिंह, आरक्षी अजीत सिंह, आरक्षी अरूण कुमार, आरक्षी अंकित कौशिक, आरक्षी लोकेन्द्र सिंह, आरक्षी सतीश कुमार, आरक्षी राकेश कुमार मिश्र व आरक्षी विकास कुमार चतुर्वेदी

UTTAR PRADESH UP ATS ANTI-TERROR SQUAD